NBT
नवभारत टाइम्स
नोएडा > बुधवार, 2 मई 2018 > वैशाख 12 शक संवत 1940 ज्येष्ठ कृष्ण द्वितीया विक्रम 2075
नोएडा
पेज 22* > मूल्य 3.00 या 7.00 रुपये द टाइम्स ऑफ इंडिया सहित
www.m.nbt.in



# श्रमिकों का किया सम्मान, जांची गई सेहत

**एनबीटी न्यूज, ग्रेटर नोएडा**

> ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित गौड़ सिटी स्टेडियम में किया गया श्रम पंचायत का आयोजन

**ग्रेटर नोएडा** वेस्ट स्थित गौड़ सिटी स्टेडियम में श्रमिक दिवस के अवसर पर मंगलवार को विशाल श्रम पंचायत कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसमें शहर के पुरुषों व महिला श्रमिकों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर दादरी के विधायक तेजपाल सिंह नागर मुख्य अतिथि के तौर पर कार्यक्रम में शामिल हुए। यह कार्यक्रम श्रमिक समस्याओं और उनके अधिकारों की सुरक्षा व हितलाभ के आधार पर आयोजित हुआ। श्रमिकों के लिए स्वास्थ्य कैंप भी लगाया गया। इसके अलावा श्रम विभाग की ओर से श्रमिकों के बच्चों के पालन-पोषण, बेटियों की शादी व श्रमिकों की किसी आकस्मिक दुर्घटना आदि के सन्दर्भ में अनुदान के प्रमाण पत्र दिए गए। इस मौके पर विधायक तेजपाल नागर ने सभी श्रमिकों का उत्साहवर्धन किया।